समाचार

स्वच्छता पखवाड़ा के प्रथम दिन इतवारी बाजार में चला स्वच्छता अभियान

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं निगम कमिश्नर श्री अजय कुमार अग्रवाल ने किया स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण)

कोरबा 16 नवम्बर 2015 –शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक आयोजित किये जा रहे प्रथम चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज कोरबा पुराने शहर स्थित इतवारी बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने वहां पहुंचकर स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण किया तथा कार्यो के बेहतर संपादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।

यहां उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के अन्य नगरीय निकायों के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी स्वच्छ भारत मिशन का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पृथक–पृथक विषयों पर केन्द्रित विभिन्न स्वच्छता पखवाड़ो का आयोजन निगम क्षेत्र में किया जाना है, जिसके तहत प्रथम पखवाड़े का आयोजन 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2015 तक '' कृषि मण्डी, सब्जी एवं अनाज बाजार '' विषय पर किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ आज कोरबा पुराने शहर स्थित इतवारी बाजार से किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल तथा आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने स्वच्छता अभियान में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर उन्होने साप्ताहिक बाजार तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा इतवारी साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित स्वरूप में संचालित करने के संबंध में निगम अधिकारियों व बाजार के ठेकेदार को समुचित दिशा निर्देश दिये। बाजार स्थित चबूतरों, शेडों आदि की मरम्मत तथा जीर्णोद्धार के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा बाजार में पेयजल की समुचित व्यवस्था व पार्किंग स्थल निर्धारित किये जाने के संबंध में भी ठोस कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये। इस मौके पर बाजार ठेकेदार को निर्देश देते हुए कहा कि बाजार में व्यवसायियों के बैठने के स्थानों की मार्किंग करायें, वहां पर शेड नम्बर, दुकान नम्बर आदि अंकित करें तथा दुकानों से निकला हुआ अपशिष्ठ निर्धारित स्थलों पर ही डाला जाए, यह सुनिश्चित करे। उन्होने बाजार की अव्यवस्था पर नराजगी जाहिर करते हुए बाजार वसूली ठेकेदार को व्यवस्था सुधार किये जाने के संबंध में कड़े निर्देश दिये।

<u>स्वच्छता अभियान से आमजन को जोड़ा जाए</u>–भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आमनागरिकबंधुओं को भी इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि पखवाड़े के सार्थक परिणाम प्राप्त हो सके। उन्होने कहा कि साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने तथा शहर को स्वच्छ रखने में आमनागरिकों की सहभागिता व सहयोग अत्यंत आवश्यक है, इसमें सभी का सहयोग लिया जाना चाहिए। आज स्वच्छता अभियान के दौरान वार्ड पार्षद श्री शिव अग्रवाल एवं पार्षद श्री मनीष शर्मा, समाजसेविका मंगल बुधिया, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता डी.सी. सोनकर आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

<u>30 नवम्बर तक चलेगा प्रथम पखवाड़ा</u>– '' कृषि मण्डी, सब्जी एवं अनाज बाजार '' विषय पर आयोजित किया जा रहा, यह प्रथम पखवाड़ा 30 नवम्बर तक संचालित होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 नवम्बर को मुड़ापार साप्ताहिक बाजार, 18 नवम्बर को परसाभांठा बालको साप्ताहिक बाजार, 19 नवम्बर को बुधवारी साप्ताहिक बाजार, 20 नवम्बर को जेलगांव बस्ती साप्ताहिक बाजार, 21 नवम्बर को बांकी मुख्य मार्केट, 22 नवम्बर को कोरबा शहर थोक मार्केट इतवारी रोड, दर्री रोड बाजार, 24 नवम्बर को इंदिरा व्यवसायिक परिसर टी.पी.नगर, 26 नवम्बर को निहारिका मुख्य बाजार एवं थोक सब्जी मण्डी, 27 नवम्बर को बालको सिविक सेंटर एवं सेक्टर–5 मार्केट, 28 नवम्बर को एन.टी.पी.सी. साप्ताहिक बाजार एवं 30 नवम्बर को भैरोताल एवं बांकीमोंगरा बाजार में स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यो का संपादन कराया जाएगा।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)